**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1203**

**दिनांक 09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**सामान्य जुकाम की दवा की खुराक तय करना**

**1203. श्री वी.के. श्रीकंदन:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या भारत के औषधि महानियंत्रक ने सामान्य जुकाम की स्थिति में दवा निर्माताओं को फिनाइलफ्राइन एचसीएल आईपी-5 मिलीग्राम प्रति मील ड्रॉप्स के साथ क्लोरफेनिरामाइन मैलेट आईपी2 मिलीग्राम की निश्चित खुराक संयोजन को देश में निश्चित वर्ष से कम आयु के बच्चों में उपयोग न करने की चेतावनी देने का निर्देश दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा निर्माताओं को देश में लेबल और प्रचार सामग्री पर भी ऐसी चेतावनियां लगाने का निर्देश दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या विषय विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा के बाद कोई निर्णय सामने आया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (ङ): विषय विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने 18.12.2023 को परिपत्र जारी किया है जिसमें सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के औषधि नियंत्रकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र के तहत क्लोरफेनिरामाइन मैलेट आईपी 2 एमजी + फेनिलफ्राइन एचसीएल आईपी 5 एमजी ड्रॉप/एमएल के फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) के सभी निर्माताओं को दवाओं के लेबल और पैकेज इंसर्ट/प्रोमोशनल लिटरेचर पर "एफडीसी का उपयोग 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में नहीं किया जाना चाहिए" चेतावनी का उल्लेख करने का निर्देश दें।

*****